हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 6 मई 2026

[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

06 सुस्ती पर एक्शनः काम में ढिलाई पर इंजीनियरों...



07 शिक्षामित्र सम्मान समारोह संपन्न...




## खबर संक्षेप

### कटारा अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष नियुक्त



**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष पंकजसिंह तेकाम ने मोर्चा के आगर जिलाध्यक्ष पद पर नलखेड़ा तहसील के ग्राम पचलाना निवासी मोहन कटारा को नियुक्त किया है। नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाइयां दी।

### जनपद सदस्य पाटीदार का आकस्मिक निधन



**नलखेड़ा।** जनपद पंचायत नलखेड़ा के भारतीय जनता पार्टी समर्थित जनपद सदस्य शिवनारायण पाटीदार 61 वर्ष का सोमवार रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। मंगलवार सुबह उनके गृह ग्राम टोलक्याखेड़ी में उनका अंतिम संस्कार हुआ। मुक्तिधाम पर उनके पुत्रों व परिजनों ने मुखाग्नि दी। स्व. पाटीदार के अंतिम संस्कार में भाजपा जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश चौहान व जनपद सदस्य शामिल हुए।

### जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किए

**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य की सतत निगरानी, पर्यवेक्षण एवं समन्वय को लेकर कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा आदेश जारी किया गया है। आदेश के तहत जमील खान, संयुक्त कलेक्टर सीहोर को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा के आवेदन की अंतिम तिथि 30 तक


**सीहोर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 13 जून से 18 जून तक सीहोर जिले के 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को ₹वैष्णो देवी₹ की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 मई 2026 है। आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट https://dharmasva.mp.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

# 'पिंक डिस्ट्रिक्ट' बनने की दहलीज पर जिला, पुलिस इतिहास में पहली बार महिला आईपीएस की तैनाती

### प्रशासनिक स्तर पर भी जिला पंचायत सीईओ की कमान संभाल रही हैं महिला अफसर

**सीहोर।** जिला पूरे प्रदेश में चर्चा का केंद्र बन गया है। वजह कोई राजनीतिक हलचल नहीं, बल्कि जिले के प्रशासनिक ढांचे में आया एक बदलाव है। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के हुए तबादलों ने सीहोर पुलिस के इतिहास में नया अध्याय लिख दिया है। जिले के गठन के बाद यह पहला मौका है जब पुलिस कप्तान की कुर्सी पर किसी महिला अधिकारी की तैनाती की गई है। 2020 बैच की आईपीएस अधिकारी सोनाक्षी सक्सेना को जिले का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। उनकी इस आमद के साथ ही सीहोर अब 'पिंक डिस्ट्रिक्ट' बनने से महज एक कदम दूर रह गया है।

जिले के पुलिस इतिहास पर नजर डालें तो अब तक यहां हमेशा पुरुष अधीक्षकों का ही नेतृत्व रहा। निवर्तमान एसपी दीपक कुमार शुक्ला के उज्जैन तबादले के बाद सोनाक्षी सक्सेना का यहां आना केवल एक ट्रांसफर नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण की एक बड़ी जीत है। बता दें जिले के दो सबसे महत्वपूर्ण पद कलेक्टर और एसपी माने जाते हैं। अब तक इन दोनों कुर्सियों पर पुरुष अधिकारी कलेक्टर बालागुरू के. और एसपी दीपक शुक्ला तैनात थे। अब एसपी के पद पर महिला शक्ति की एंट्री ने समीकरण बदल दिए हैं। अब बस एक महिला कलेक्टर की नियुक्ति की प्रतीक्षा है, जिसके बाद सीहोर पूरी तरह से पिंक गवर्नेंस वाला जिला बन जाएगा।



सोनाक्षी सक्सेना एसपी



सृजना यादव, जिपं सईओ

**पुलिस के सभी बड़े पदों पर महिला अफसर :** पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के आने से सीहोर पुलिस का चेहरा अब पूरी तरह से बदल गया है। दिलचस्प बात यह है कि जिला व जिला मुख्यालय पर सुरक्षा की पूरी कमान महिला पुलिस अफसरों के हाथ में आ गई है। एसपी सोनाक्षी सक्सेना के अलावा एडिशनल एसपी सुनीता रावत, सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा, एसडीओपी पूजा शर्मा तैनात हैं। यह मध्य प्रदेश का शायद ही ऐसा पहला जिला होगा जहां पुलिस के बड़े पदों की जिम्मेदारी महिलाओं के पास है।

**प्रशासनिक तंत्र में भी महिलाओं का दबदबा :** सिर्फ पुलिस ही नहीं जिले का पूरा प्रशासनिक अमला भी नारी शक्ति के कंधों पर टिका नजर आता है। जिले के विकास की धुरी कही जाने वाली जिला पंचायत की कमान सीईओ सृजना यादव संभाल रही हैं। इसी तरह जेल की सुरक्षा व्यवस्था जेल अधीक्षक प्रतिभा पटेल के हाथ में है।

बिजली विभाग जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र की जिम्मेदारी महाप्रबंधक पूनम तुमराम देख रही हैं तो संयुक्त कलेक्टर के रूप में वंदना राजपूत प्रशासन संभाल रही हैं। राजस्व और मैदानी स्तर पर भी महिलाओं का बोलबाला है। इछावर की एसडीएम स्वाती मिश्रा, डीएफओ अर्चना पटेल और होमगार्ड कमांडेंट नीलमड़ी लडिया जैसे नाम इस लिस्ट को और मजबूत करते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और वित्त जैसे क्षेत्रों में भी ट्रेजरी ऑफिसर नेहा सिंघई, जिला पेंशन अधिकारी आस्था चौरसिया और केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्य पूजा श्रीवास्तव जैसे अधिकारी सक्रिय हैं।

### वीआईपी जिले में चुनौतियां कम नहीं

बता दें जिला केवल प्रशासनिक व्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि राजनीतिक और धार्मिक पहचान के लिए भी पहचान रखता है। यह केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का गृह जिला है और तीन लोकसभा क्षेत्रों की सीमाओं को समेटे हुए है। यहां कुबेरेश्वर धाम और सलकनपुर देवी धाम जैसे विश्व प्रसिद्ध आस्था केंद्र हैं, जहां अक्सर लाखों की भीड़ उमड़ती है। रुद्राक्ष महोत्सव जैसे बड़े आयोजनों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना एक बड़ी चुनौती होती है। ऐसे संवेदनशील और हाई प्रोफाइल जिले में महिला अधिकारियों की यह दमदार तैनाती बताती है कि वे कठिन से कठिन परिस्थितियों को संभालने में सक्षम हैं।

### भीषण जल संकट के चलते ग्रामीणों में आक्रोश, नलकूप खनन की मांग को लेकर लगातार किए जा रहे प्रदर्शन

# अफसर का पुतला टांगा, हैंडपंप से बांधाः पानी के लिए महिलाओं का अनोखा प्रदर्शन चौथे दिन जारी

मानपुरा, जामिनी, अमरूद, पचामा की महिलाएं बोलीं: आदेश को एक महीना बीता, बोर नहीं तो आंदोलन नहीं रुकेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में जल संकट को लेकर महिलाओं का आंदोलन अब उग्र रूप ले रहा है। लगातार चौथे दिन मानपुरा, जामिनी, अमरूद और पचामा गांव की महिलाएं सड़कों पर हैं। इस बार महिलाओं ने पीएचई विभाग के अधिकारी का पुतला बनाकर हैंडपंप से बांध दिया और एक पुतला पेड़ पर टांगकर विरोध जताया।

### हैंडपंप से बांधा पुतला, पेड़ पर लटकाया आक्रोश

नलकूप खनन की मांग को लेकर महिलाएं 4 दिन से प्रदर्शन कर रही हैं। कहीं सूखे हैंडपंप से पुतला बांधा गया तो कहीं गांव में पेड़ से पीएचई अधिकारी का पुतला टांग दिया गया। तख्तियां लेकर खड़ी महिलाओं ने कहा कि जब तक बोर नहीं होगा, प्रदर्शन नहीं रुकेगा।

### एक महीने से मांग, आदेश के बाद भी काम नहीं

ग्रामीणों का आरोप है कि एक-डेढ़ महीने से नलकूप की मांग की जा रही है। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में दर्जनों गांवों के सरपंच और किसान भोपाल जाकर मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव, पीएचई मंत्री और सीहोर की प्रभारी मंत्री से मिले थे। सभी ने जिला प्रशासन और विभाग को आदेश-निर्देश दिए, लेकिन एक महीना बीतने के बाद भी पालन नहीं हुआ।



### 15 दिन पहले दिया था कलेक्ट्रेट में ज्ञापन

आदेशों पर अमल न होने से परेशान महिलाओं ने 15 दिन पहले कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। मांग की थी कि गांवों में जल संकट दूर किया जाए। इसके बाद भी सुनवाई न होने पर 4 दिन से रेगुलर प्रदर्शन चल रहा है।

### मटका फोड़ से पुतला बांधने तक पहुंचा आंदोलन

पहले महिलाओं ने मटका फोड़ कार्यक्रम किया, फिर तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। अब आक्रोश इतना बढ़ा कि पीएचई अधिकारी का पुतला बनाकर हैंडपंप और पेड़ से बांध दिया गया। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि तुरंत बोर नहीं कराए गए तो आंदोलन और उग्र होगा। 44 डिग्री की गर्मी में पानी के लिए तरस रहे मानपुरा, जामिनी, अमरूद, पचामा के ग्रामीणों का सब्र अब जवाब दे रहा है। सवाल यही है क्या पुतला टंगने के बाद प्रशासन जागेगा?




# हाईवे पर आयशर-ट्रक भिड़ंत, ड्राइवर वाहन में फंसा, एक घंटे जाम, दोतरफा ट्रैफिक से हादसा

**सीहोर।** आष्टा में सोमवार सुबह जावर थाना अंतर्गत भोपाल-इंदौर हाईवे पर आईसर वाहन और ट्रक में टक्कर हो गई। हादसे में आईसर का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद भोपाल-इंदौर हाईवे पर करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। जावर पुलिस दुर्घटनास्थल पर पहुंची और हाईवे का जाम खुलवाया। इस दौरान मेहतवाड़ा के पुराने भोपाल-इंदौर मार्ग पर भी वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

### एक ही मार्ग पर आमने-सामने टक्कर

नागरिक रूपचंद जैन ने बताया कि टक्कर सुबह करीब 10 बजे हुई। हाईवे पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण एक तरफ का मार्ग ही चालू था। भोपाल-आष्टा से इंदौर की ओर जाने वाला ट्रैफिक इसी मार्ग पर था, जबकि इंदौर से आने वाले वाहन भी इसी मार्ग का उपयोग कर रहे थे। इसी कारण दोनों वाहन आमने-सामने आ गए और तेज रफ्तार के चलते आपस में टकरा गए। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि आईसर ड्राइवर के पैर वाहन में ही फंस गए। जावर पुलिस और स्थानीय नागरिकों ने कड़ी मशक्कत के बाद ड्राइवर को वाहन से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।



### सूचना बोर्ड नजरअंदाज, हाईवे पर जोखिम बढ़ा

हाईवे पर तेज रफ्तार को दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बताया जा रहा है। निर्माण एजेंसी का कोई जिम्मेदार व्यक्ति दुर्घटनास्थल पर मौजूद नहीं था। ट्रैफिक को केवल सूचना बोर्ड के माध्यम से डायवर्ट किया गया था, जिसे कई ट्रक ड्राइवर देख नहीं पाए। एक ही मार्ग पर दोनों दिशाओं से वाहनों की आवाजाही के कारण जरा सी चूक भी दुर्घटना का कारण बन रही है।

# जिला चिकित्सालय में वाटर कूलर का लोकार्पण

**नलखेड़ा।** भीषण गर्मी के मौसम में मरीजों एवं उनके परिजनों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद, शाखा आगर-मालवा द्वारा जिरकान एडवांस फ्यूल प्रा. लि., आगर-मालवा के सहयोग से जिला चिकित्सालय, बड़ोद रोड परिसर में वाटर कूलर स्थापित किया गया। वाटर कूलर का लोकार्पण कार्यक्रम जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिरकान एडवांस फ्यूल प्रा. लि. के डायरेक्टर पवन कुमार जैन, सुनील गोयल एवं रखब जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश देहलवार, सिविल सर्जन डॉ. मनीष कुरील, डॉ. आलोक श्रीवास्तव, डॉ. शशांक सक्सेना एवं डॉ. विवेक पुलैया की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ. विवेक मालानी ने कहा कि स्थापित जल मंदिर जिला चिकित्सालय आने वाले आमजन, मरीजों एवं परिजनों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि परिषद भविष्य में भी समाजसेवा से जुड़े ऐसे जनहितकारी कार्य निरंतर करती रहेगी। कार्यक्रम के माध्यम से भारत विकास परिषद द्वारा सामाजिक सरोकार एवं जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः प्रदर्शित किया गया।





### मंदिर व दादावाड़ी शिखर पर लाभार्थी परिवार विधि विधान से चतुर्थ नूतन ध्वजा चढ़ाएंगे

# प्रसिद्ध नागेश्वर तीर्थ पर चंदनबाला नूतन आराधना भवन व विचक्षण चंद्र तीर्थ यात्री भवन का लोकार्पण कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रसिद्ध जैन तीर्थ नागेश्वर की धरा पर स्थित श्री सीमंधर स्वामी मंदिर एवं श्री जिन कुशल गुरु दादावाड़ी के प्रांगण में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के तहत चंदनबाला आराधना भवन व विचक्षण चंद्र भवन का लोकार्पण कल होगा। इसी के साथ मंदिर व दादावाड़ी शिखर पर लाभार्थी परिवार विधि विधान से चतुर्थ नूतन ध्वजा चढ़ाएंगे। धार्मिक आयोजन के तहत परमात्मा को लाभार्थी परिवार द्वारा आंगी अर्पण भी की जाएगी।

जैन तीर्थ नागेश्वर में चंदनबाला श्रीजी म.सा. आदि ठाणा 10 साध्वी मंडल की पावन निश्रा में 6 व 7 मई को आयोजन किया जा रहा है। 7 मई को श्री सीमंधर स्वामी मंदिर एवं श्री जिन कुशल गुरु दादावाड़ी के प्रांगण में चंदनबाला श्रीजी म.सा. के संयम स्वर्ण वर्ष अनुमोदनार्थ नवनिर्मित चंदनबाला आराधना भवन का लोकार्पण होगा। जिसके सौजन्य दाता पिताजी पांचीलाल जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर मातुश्री सरस देवी, पुत्र नरेंद्र-संध्या भंडारी एवं पारख परिवार रायपुर दाढ़ी छत्तीसगढ़, जांगलू बीकानेर है। इसी के साथ विचक्षण चंद्र भवन का लोकार्पण कार्यक्रम भी होगा जिसमें नवनिर्मित कमरों के लाभार्थी परिवारों द्वारा लोकार्पण के इस कार्यक्रम में भाग लिया जाएगा। इसके पूर्व प्रातः 6 बजे से नूतन भवन में स्नात्र व वास्तु पूजन होगा। ध्वजा का चल समारोह 8:30 बजे, सत्रहभेदी पूजा 9:30 बजे होगी। पूजन के दौरान विजय मुहूर्त में सुप्रसिद्ध विधि कारक प्रवीण भाई जैन रुणीजा वाले विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ मंदिर शिखर एवं दादावाड़ी पर ध्वजारोहण की विधि संपन्न करवाएंगे। दो दिवसीय आयोजन में मध्य प्रदेश राजस्थान छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र गुजरात आंध्र प्रदेश सहित अन्य प्रातों से जैन समाज जनों द्वारा भाग लिया जाएगा।





# श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव में झूमे श्रद्धालु

**कानड़।** समीपस्थ ग्राम कोहडिया में चल रही सप्तद्विसीय श्रीमद् भगवत कथा के चतुर्थ दिवस श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गांव कोहडिया में हनुमान मंदिर पर कथा पांडाल में श्रोतागण व यजमान व गांव वालों ने हर्ष और उल्लास के साथ एक स्वर में नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की का उद्घोष किया। इसके पूर्व कथा का प्रारंभ करते हुए कथा व्यास पंडित जय प्रकाश शर्मा के मुखारविंद से अन्य प्रसंग जैसे की धुव्र चरित्र, प्रहलाद चरित्र, अजामिल आख्यान, समुद्र मंथन, वामन अवतार और श्रीराम कथा का वर्णन किया गया। इन्ही कथाओं के अंतर्गत मनुष्य जीवन को सार्थक बनाने के लिए मनुष्य में तीन बातें दान, दया और दमन के बारे में बताया। कथा वाचक पंडित जय प्रकाश ने कहा कि मनुष्य जीवन मे दान करना, दूसरो के ऊपर दया करना ओर अपनी इंद्रियों का दमन करना ये तीन बाते मनुष्य करे तो वह देवता बन जाता है। इसी प्रकार व्यास जी ने कथा को विस्तार देते हुए बताया कि हमारी संस्कृति में दो बड़े गुण हैं दया ओर दान किंतु ईसमे ज्ञान ओर श्रद्धा भी चाहिए ओर इसके बाद भी एक और आवश्यकता है वह तप है।



## खबर संक्षेप

### सम्मान समारोह आयोजित कर दी विदाई

**चापडा।** नगर करनावद में पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं आहरण सवितरण अधिकारी तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करनावद के प्राचार्य नारायण भंडोले की सेवानिवृत्ति पर करनावद में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एच एल खुशाल. पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी हरि सिंह भारतीय, सहायक संचालक सोनकच्छ सी. एल. पेठारी. इंदौर के विकासखंड एवं पूर्व प्राचार्य मनोज खोपकर जिला शिक्षा कार्यालय देवास के ऑडिटर संजय बोरासी माखन, नगर परिषद करनावद उपाध्यक्ष राजेश गोयल, पार्षद बाबूलाल भाबोर,शिक्षक बहादुर सिंह बदुरिया, इंदौर के सेवानिवृत शिक्षक सुनील चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता 10 को

**देवास।** जिला तैराकी संघ द्वारा 26वीं जिला स्तरीय ओपन तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 10 मई, रविवार को प्रातः 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे खेल परिसर स्थित वीर सावरकर तरण पुष्कर में किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर जिले के तैराकों में उत्साह का माहौल है। संघ सचिव ओ.पी. जगावत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक सभी खिलाड़ियों को 9 मई तक अनिवार्य रूप से अपना पंजीयन कराना होगा। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी प्रकार की एंट्री स्वीकार नहीं की जाएगी।

### रिव्यू बैठक में आयुक्त का एक्शन मोड: कई योजनाओं पर बढ़ाई सख्ती

# सुस्ती पर एक्शन: काम में ढिलाई पर इंजीनियरों का वेतन रोकने दिए निर्देश

संपत्ति कर व जलकर वसूली के लिए 4 करोड़ का लक्ष्य किया निर्धारित, आगामी लोक अदालत को लेकर आयुक्त के सख्त निर्देश।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास


नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने सोमवार को निगम सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने विद्युत खपत में कमी लाने पर जोर देते हुए संबंधित उपयंत्री को बिजली बिलों में अतिरिक्त सरचार्ज की जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही एमपीईबी के साथ समन्वय स्थापित कर समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने तथा निगम के सभी कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर लगाने और उनकी मैपिंग का कार्य जल्द पूर्ण करने को कहा। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने नए आवेदनों की संख्या बढ़ाने, संबल एवं अनुग्रह सहायता राशि के लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने तथा ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। शहर में आवारा मवेशियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्हें सड़कों से हटाकर गौशाला भेजने के निर्देश दिए। उपायुक्त आरती खेड़ेकर को गौशाला में पेयजल और चारे (भूसे) की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मैरिज गार्डनों द्वारा सीवरेज लाइन से कनेक्शन लेने के मामलों में आयुक्त ने तत्काल एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) स्थापित करने और फायर सेफ्टी जांच अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश स्वच्छता निरीक्षकों को दिए। साथ ही शहर में सीवरेज कनेक्शनों की प्रगति तेज करने को कहा। रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग कार्य में प्रगति नहीं मिलने पर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्रियों का वेतन आहरण रोकने के निर्देश दिए। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत डाली गई पाइपलाइनों से नए कनेक्शनों की जानकारी कार्यरत बांको कंपनी से सूची सहित प्राप्त करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

### लोक अदालत को लेकर सख्त निर्देश

नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने जल कर एवं संपत्ति कर की समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियों को वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने बताया कि 9 मई शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को ध्यान में रखते हुए सभी वार्डों में संपत्तिकर एवं जलकर के बिल दो दिनों के भीतर वितरित किए जाएं। साथ ही बकायादारों से लगातार संपर्क कर उन्हें लोक अदालत में राशि जमा करने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने राजस्व विभाग के लिए 4 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित करते हुए निर्देश दिए कि सभी वार्ड प्रभारी वार्डवार बकायादारों की सूची तैयार कर घर-घर संपर्क अभियान चलाएं। आयुक्त ने चेतावनी दी कि लंबे समय से कर जमा नहीं करने वाले करदाताओं के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की तैयारी की जाए और लोक अदालत के बाद ऐसे बकायादारों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। इसके अलावा कचरा संग्रहण शुल्क की वसूली में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर आयुक्त ने संबंधित प्रभारियों को 7 दिनों के भीतर लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। लक्ष्य पूरा न होने पर वेतन रोकने की चेतावनी भी दी गई। आयुक्त ने करदाताओं से अपील की है कि वे 9 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत में पहुंचकर संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि जमा करें और शासन द्वारा दी जा रही छूट का लाभ उठाएं।

# जिला बदर नोटिस के खिलाफ वकीलों ने किया प्रदर्शन

### राजनीतिक द्वेष से प्रेरित कार्रवाई का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अभिभाषक संघ देवास ने अपने सदस्य अधिवक्ता जितेन्द्र सिंह गौड़ के विरुद्ध चल रही जिला बदर की कार्यवाही को निराधार और राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताते हुए मंगलवार को जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा। संघ ने मांग की है कि उक्त प्रकरण को तत्काल समाप्त किया जाए। ज्ञापन में संघ अध्यक्ष एड. अशोक वर्मा ने बताया कि अधिवक्ता समाज का एक प्रतिष्ठित वर्ग है, जो न्यायालय में "ऑफिसर ऑफ द कोर्ट" जैसे गरिमामय पद को सुशोभित करता है।

देवास अभिभाषक संघ प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश में अपनी प्रतिष्ठा के लिए जाना जाता है और इसके सदस्य भी उसी अनुरूप आचरण करते हैं। संघ ने बताया कि अधिवक्ता जितेन्द्र सिंह गौड़ वर्ष 2023 से नियमित सदस्य हैं और एक प्रतिभाशाली व सौम्य व्यवहार वाले युवा वकील के रूप में जाने जाते हैं। उनके विरुद्ध जारी कारण बताओ नोटिस (प्रकरण क्रमांक 0016/जिलाबदर/2026) को लेकर संघ ने उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया, जिसमें पाया गया कि उनके खिलाफ दर्ज पुराने प्रकरण वर्ष 2007 से 2023 के बीच के हैं और सभी राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं। इन मामलों में कहीं भी दोष सिद्ध नहीं हुआ है तथा 2023 के बाद कोई नया मामला दर्ज नहीं है।

संघ ने यह भी उल्लेख किया कि गौड़ छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहे हैं और वर्तमान में जिला कांग्रेस कमेटी देवास ग्रामीण के जिला संगठन महासचिव के पद पर कार्यरत हैं। हाल के महीनों में उन्होंने विभिन्न जनहित मुद्दों को लेकर आंदोलन और प्रदर्शन किए, जिन्हें मीडिया में भी प्रमुखता मिली। अभिभाषक संघ का आरोप है कि इन्हीं राजनीतिक गतिविधियों से आहत होकर उनके विरुद्ध बिना ठोस आधार के जिला बदर की कार्यवाही शुरू कराई गई है। संघ ने स्पष्ट किया कि अपने सदस्यता काल के दौरान गौड़ के खिलाफ किसी भी अवैध गतिविधि या सामाजिक भय उत्पन्न करने जैसी कोई शिकायत सामने नहीं आई है और उनका व्यवहार सदैव सौहार्दपूर्ण रहा है।

# लुटेरी दुल्हन संबंधी प्रकरण में बरोठा पुलिस ने 2 आरोपियों को महाराष्ट्र से किया गिरफ्तार


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




एसपी पुनीत गेहलोद के द्वारा 360 - पुलिसिंग के अन्तर्गत अपराधों में संलिप्त आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । इसी क्रम में 17 मार्च को फरियादी राहुल पिता श्यामसिंह पंवार उम्र 32 साल निवासी ग्राम बरखेड़ा कोतापाई ने थाना बरोठा आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि दलाल द्वारा पैसे लेकर फरियादी की शादी पुजा नामक महिला से करवाई गई थी । शादी के कुछ दिन बाद ही दुल्हन भी फरार हो गई एवं जिन्होने शादी करवाई उनका भी कोई पता नही चल रहा है । फरियादी की रिपोर्ट पर से दुल्हन पुजा सहित दलाल व अन्य आरोपियों के विरूद्ध थाना बरोठा देवास पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक (एल-आर) बबिता बामनिया के निर्देशन में थाना प्रभारी बरोठा श्रीमती सविता सिंह जाटव के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। विशेष पुलिस के द्वारा विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर आरोप रोहित पिता अप्पु सेठी उम्र 23 साल निवासी तल पिंपरी छत्रपति सम्भाजी नगर थाना बालुज महाराष्ट्र, सुनिता पति विनोद पंवार उम्र 36 साल निवासी संगमनेर श्रीराम नगर थाना संगम नगर जिला अहिल्या नगर महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया जाकर उनसे अन्य आरोपी के संबंध में पुछताछ की जा रही है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी बरोठा निरीक्षक सविता सिंह, सउनि हरिश कुमार,सउनि शारदा ठाकुर,प्रआर राजेश लुवानिया, तेजसिंह सिन्हा, आर विजेन्द्र सिसोदिया, मआर देवप्रभा तिवारी, आर अजयपाल सिंह, सैनिक शेखर एवं सायबर सेल देवास से प्रभारी सायबर सेल देवास शिवप्रताप सिंह सेंगर,प्रआर सचिन चौहान का विशेष योगदान रहा।

# जनपद सदस्य के पति ने सब इंजीनियर पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले की बागली जनपद सदस्य के पति ने सब-इंजीनियर पर डंडे से हमला कर दिया। आरोपी डंडा लेकर उनके पीछे दौड़ा। हमले में इंजीनियर के सिर में चोट आई और उन्हें जान बचाने के लिए पास के एक घर में छिपना पड़ा। मंगलवार को घटना का वीडियो भी सामने आया है।घटना सोमवार दोपहर करीब 12 बजे उदयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पांडू तालाब कार्यालय की है। सब-इंजीनियर गोविंद डाबर वहां शासकीय कार्य के दौरान मौजूद थे, तभी जनपद सदस्य रायकुबाई डोडवे के पति संतोष डोडवे ने उन पर हमला कर दिया।डाबर के कार्यक्षेत्र में उदयनगर की करीब 10 पंचायतें शामिल हैं। कुछ दिन पहले संतोष डोडवे, निवासी झाड़कापुरा (ग्राम पंचायत देवनलिया), ने उन्हें नवीन सामुदायिक भवन के निर्माण स्थल का निरीक्षण करने बुलाया था।निरीक्षण के दौरान डाबर ने पाया कि प्रस्तावित स्थान पर पहले से चबूतरा बना है, जिससे तकनीकी रूप से वहां निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने नियमानुसार अन्य स्थान चुनने की सलाह दी थी। इसी बात से नाराज होकर संतोष डोडवे डंडा लेकर कार्यालय पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया।हमले के बाद डाबर उदयनगर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी विजेंद्र सोलंकी के मुताबिक, इंजीनियर को गंभीर चोट नहीं आई है और मामले की जांच जारी है। गोविंद डावर ने बताया कि जनपद सदस्य के पति संतोष डोडवे लट्ठ लेकर मौके पर पहुंचे और उन पर हमला कर दिया। घटना से कुछ समय पहले, सोमवार सुबह करीब 11 बजे जनपद सदस्य ने उन्हें फोन कर निर्माण कार्य को लेकर बात की थी। उस समय उन्होंने बताया था कि वे कन्नौद की ओर जा रहे हैं। इसके बाद आरोपी अचानक मौके पर पहुंचा और मारपीट शुरू कर दी।

# अवैध लकड़ी तस्करी पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के द्वारा रात्रि गश्त के दौरान सतर्कता एवं तत्परता से कार्यवाही करते हुए अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया है । इसी क्रम में दिनांक 02 मई की रात्रि में आरक्षक धर्मेंद्र राजपूत, जोजन सिंह राजपूत एवं एफआरवी-13 टीम द्वारा क्षेत्र में नियमित भ्रमण किया जा रहा था। इसी दौरान प्राप्त मुखबिर सूचना पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नायरा पेट्रोल पंप के आगे संदिग्ध ट्रक क्रमांक MP09HG7857 एवं MP09HG4235 को घेराबंदी कर रोका । सघन जांच में दोनों ट्रकों में अवैध रूप से लकड़ी का परिवहन पाया गया । चालकों से वैध दस्तावेज/परमिट प्रस्तुत करने को कहा गया, किंतु वे कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए दोनों ट्रकों को थाना लाकर सुरक्षित रखा गया एवं तत्काल वन विभाग को सूचित किया गया। सूचना पर वन विभाग की टीम डिप्टी रेंजर श्री हेमराज गोखलेकर, वन रक्षक श्री मनोज मंडलोई एवं दिनेश चौधरी, थाना पहुंची । प्रकरण वन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई योग्य पाए जाने पर दोनों ट्रक, अवैध लकड़ी सहित, एवं उनके चालक लवकुश निवासी ग्राम भंवरा जिला सीहोर तथा प्रेम मालवीय निवासी ग्राम पिपलोदा, जिला शाजापुर को विधिसम्मत कार्रवाई हेतु वन विभाग के सुपुर्द किया गया । इस कार्रवाई से अवैध लकड़ी तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगा है तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस की सक्रियता का स्पष्ट संदेश गया है। थाना टोंकखुर्द पुलिस द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार सतत निगरानी एवं कठोर कार्रवाई जारी रखी जाएगी।उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी परिवीक्षाधीन भा.पु.से. आलोक कुमार वर्मा, आरक्षक धर्मेंद्र राजपूत,जोजन सिंह राजपूत एवं एफआरवी-13 टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# प्रतिमाओं के नगर भ्रमण के बाद विधि-विधान से होगी भगवान गणेश परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



नगर के नेमावर रोड स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के अंतर्गत श्री गणेश महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यज्ञाचार्य ऋषिराज शर्मा एवं अरुण शर्मा के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराया जा रहा है। महायज्ञ में प्रतिदिन 10 यजमान आहुति दे रहे हैं।कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन शाम को भव्य आरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल होकर यज्ञशाला की परिक्रमा कर रहे हैं। संपूर्ण आयोजन नगरवासियों के सहयोग से संपन्न हो रहा है।

यज्ञाचार्य ऋषिराज शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन स्थापित गणेश परिवार की प्रतिमाओं का विधि-विधान से पूजन किया जा रहा है। मंगलवार को प्रतिमाओं को फल-फूल से विशेष रूप से सजाया गया। उन्होंने बताया कि 7 मई को दोपहर 3 बजे सभी प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया जाएगा। इसके पश्चात नवनिर्मित मंदिर में भगवान गणेश, रिद्धि-सिद्धि, शिवलिंग एवं कार्तिकेय की मूर्तियों की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

आयोजन को लेकर नगर में विशेष उत्साह का वातावरण बना हुआ है।मंगलवार रात्रि में भजन मंडली चापडा द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

वहीं यज्ञशाला में आयोजित आरती में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।इसी के साथ ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में शिव महापुराण कथा का भी आयोजन जारी है।

### कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में अमलतास अस्पताल में शुरू हुआ किलकारी अभियान

# अभियान 2.0 में माताओं, बच्चों के पोषण पर होगा विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन 'किलकारी अभियान 2.0' का शुभारम्भ किया गया। अभियान के तहत चिन्हांकित कुपोषित बच्चों की चिकित्सालयों में विशेष स्क्रीनिंग की जा रही है। गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को 14 दिनों तक अस्पताल में भर्ती कर उनका निःशुल्क उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा द्वारा अमलतास हॉस्पिटल में स्क्रीनिंग एवं भर्ती बच्चों की माताओं से चर्चा कर चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने बच्चों को एल्बेण्डाजोल सीरप भी पिलाने के निर्देश दिए। अमलतास हॉस्पिटल में 242 बच्चों की स्क्रीनिंग की जाकर 72 बच्चे भर्ती करवाए गए हैं। इसी प्रकार जिले की एनआरसी में सोनकच्छ 31, देवास 8, टोंकखुर्द 13, कन्नौंद 50, खातेगांव 13 एवं बागली 38 बच्चे भर्ती करवाए गए हैं। अभियान के तहत बच्चों के साथ-साथ उनकी माताओं के स्वास्थ्य और पोषण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। काउंसलिंग के माध्यम से उन्हें स्वच्छता, संतुलित एवं पौष्टिक आहार तैयार करने और बच्चों की देखभाल से जुड़ी शिक्षा दी जा रही है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को सफल बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा अमलतास चिकित्सालय सामूहिक रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अमलतास हॉस्पिटल द्वारा बच्चों को लाने के लिए बस एवं मैजिक उपलब्ध करवाए गए हैं। बच्चों को निःशुल्क उपचार एवं नाश्ता भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने इस अवसर पर कहा, ₹बच्चों का पोषण हमारे देश का भविष्य तय करता है। 'किलकारी' अभियान हर बच्चे की मुस्कान और अच्छे स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा कदम है।" जिला प्रशासन, अमलतास अस्पताल, और समस्त स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त पहल से यह कार्यक्रम जिले में कुपोषण के खिलाफ लड़ाई का एक मजबूत मंच बनेगा। अमलतास अस्पताल के चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया ने भी इस अवसर पर कहा कि अस्पताल इस अभियान को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग करता रहेगा, जिससे समाज के हर बच्चे और माँ तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सकें। कार्यक्रम में अमलतास अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. महावीर खंडेलवाल , शिशुरोग विभागाध्यक्ष डॉ. नेहा काकानी, डॉ. जगत रावत, डॉ. रत्ना शर्मा, अश्विन तंवर एवं समस्त टीम उपस्थित रही।

# जिले के 6 डाकघरों में आधार अपडेट के लिए विशेष अभियान 9 मई को

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




आम नागरिकों की सुविधा के लिए 9 मई 2026 (शनिवार) को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक जिला देवास के छह डाकघरों में आधार नामांकन एवं अपडेट हेतू विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के तहत प्रधान डाकघर देवास सहित सोनकच्छ, हाटपिपलिया, कन्नौद, खातेगांव एवं बागली उप डाकघरों में नागरिक अपने आधार कार्ड से जुड़े आवश्यक संशोधन जैसे नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर एवं बायोमेट्रिक अपडेट आसानी से करवा सकेंगे। यह सेवा भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध रहेगी। अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए संबंधित डाकघरों में अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे अधिक से अधिक लोगों को त्वरित और सहज सेवा मिल सके। कैलाश चौहान सहायक अधीक्षक डाकघर देवास उप संभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष अभियान के लिए 7 एवं 8 मई को संबंधित डाकघरों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक टोकन वितरित किए जाएंगे। इच्छुक नागरिकों से अपील की गई है कि वे समय रहते टोकन प्राप्त कर लें ताकि 9 मई को अपने आधार संबंधी कार्य बिना किसी परेशानी के पूर्ण करा सकें। सहायक अधीक्षक डाकघर के द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस विशेष अवसर का अधिकतम लाभ उठाते हुए निर्धारित तिथि और समय पर संबंधित डाकघरों में पहुंचें और आधार सेवा का लाभ उठाएं।

## खबर संक्षेप



### दुष्कर्म के मामले में का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**ललितपुर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस की जखौरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना जखौरा पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार थाना जखौरा में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 112/26, धारा 64(1), 87, 351(3) बीएनएस के तहत वांछित आरोपी ग्राम बसवां निवासी बृजपाल सिंह पुत्र बाबूलाल राजपूत को 4 मई 2026 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को नियमानुसार न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार बैस के नेतृत्व में जखौरा पुलिस टीम द्वारा की गई।

### गिरार पुलिस ने तीन वारंटी को धर दबोचा

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा वांछित एवं वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गिरार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को नियमानुसार संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी मड़ावरा के.के. मिश्रा के पर्यवेक्षण में की गई। थाना गिरार पुलिस ने गिरफ्तार किए गए वारंटियों में ग्राम सकरा निवासी राजेश कुमार पुत्र हरपाल सिंह, ग्राम किशनपुरा निवासी राजाबाबू उर्फ सूर्य प्रताप पुत्र जसरथ तथा थाना गिरार के ग्राम पीड़ार निवासी बाबूलाल अहिरवार पुत्र पर्रा अहिरवार शामिल हैं। पुलिस ने तीनों वारंटियों को 5 मई 2026 को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया। यह कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर के नेतृत्व में थाना गिरार पुलिस टीम द्वारा की गई।

### विशेष टीबी खोज अभियान का द्वितीय चरण जारी

**ललितपुर।** जनपद में टीबी उन्मूलन के लिये 100 दिवस का विशेष टीबी खोज अभियान का द्वितीय चरण 24 मॉर्च 2026 से जारी है जिसके अंतर्गत दिनांक 05.05.2026 को सदनशाह क्षेत्र स्थित मस्जिद में धर्मगुरूओं एवं उपस्थित नागरिकों के साथ टीबी संवेदीकरण बैठक कर बताया गया कि अभियान में हाई रिस्क ग्रुप के लोगों की समय रहते पहचान कर उनका उपचार प्रारंभ किया जाना है। अभियान के तहत चिन्हित स्थलों और मानकों के अनुसार टीबी की स्क्रीनिंग की जा रही है। पी०पी०एम० कॉर्डिनेटर श्री आदेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान में उन लोगों को प्राथमिकता दी जायेगी जिनमें टीबी होने का खतरा अधिक है। इनमें किडनी, लीवर, बीपी और शुगर जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीज हैं।

### अतिथियों ने शिक्षामित्रों को सौंपा बढ़े मानदेय का प्रतीकात्मक चेक

# शिक्षामित्र सम्मान समारोह संपन्न मानदेय वृद्धि पर किया सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उत्तर प्रदेश सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आदेशानुसार बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में कल्याण सिंह सभागार में शिक्षा मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, नगर पालिका अध्यक्षा सोनाली जैन, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और सभी अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का लाइव शिक्षा मित्र सम्मान समारोह कार्यक्रम का गोरखपुर से सीधा प्रसारण दिखाया गया, जिसमें उन्होंने प्रदेश के 01 लाख 43 हजार शिक्षा मित्रो को संबोधित किया। आपने कहा कि पिछली सरकार द्वारा नियमावली न बनाकर सीधा शिक्षक बना दिया था, जिससे सुप्रीम कोर्ट ने समायोजन रद्द कर दिया था। अब हमारी सरकार शिक्षा मित्रों को अच्छे से अच्छे सुविधा देने का संकल्प का निर्वहन किया। सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक ने कहा कि सरकार प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। सरकार ने शिक्षा मित्रों को 18000 हजार मानदेय देकर सम्मानित किया है। सभी शिक्षकों व शिक्षा मित्रों ने एसआईआर के दौरान भी अच्छा कार्य किया। जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन नेताजी ने कहा कि सरकार ने शिक्षा मित्रों के लिए सम्मानजनक मानदेय देकर उनका मान बढ़ाया है, शिक्षा मित्र शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग होते हैं। सभी शिक्षामित्र निष्पक्ष रुप से बिना किसी भेदभाव के बच्चों को पढ़ाते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनाली जैन ने कहा कि शिक्षा मित्र विगत कई वर्षों से अल्प मानदेय में कार्य कर रहे थे। आज सरकार ने वर्तमान परिवेश को दृष्टिगत रखते हुए इनका मानदेय बढ़ाया है, जिससे ये अपने परिवार का भरण-पोषण पूरे सम्मानजनक तरीके से कर सकेंगे। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा मित्र शिक्षक के समान हर कार्य करते हैं। सभी शिक्षामित्र ग्रामीण क्षेत्र के गरीब तबके के लोगों को समझाकर उन्हें अपने बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराने के लिए प्रेरित करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह ने कहा शिक्षा मित्र पूरी निष्ठा के साथ और अच्छा कार्य करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम के उपरान्त सभी का आभार व्यक्ति किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों द्वारा बेसिक शिक्षा मुख्यालय से बीईओ नंदित कुमार गुप्ता, खण्ड शिक्षा अधिकारी बिरधा गौरव कुमार शुक्ला एवं बीईओ बार शैलजा व्यास, संगठन के जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बेस-प्रा0वि0 तेरा आदि शामिल रहे।

### जिलाधिकारी के नाम एडीएम से की शिकायत

# एसडीएम के पेशकार पर भ्रष्टाचार व अधिवक्ताओं से अभद्रता का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उपजिलाधिकारी कार्यालय में तैनात एक पेशकार और अन्य कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और अधिवक्ताओं के साथ गाली-गलौज करने का गंभीर मामला सामने आया है।

अधिवक्ताओं ने सामूहिक रूप से जिलाधिकारी के नाम अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव को पत्र सौंपकर कठोर कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ताओं द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार, अधिवक्ता रमाकांत सिरौठिया और उनके साथी विशाल तिवारी से एसडीएम कार्यालय में तैनात पेशकार और कर्मचारी पर अवैध धन की मांग करने के आरोप लगे हैं। शांति भंग के मामलों में जमानत के लिए आने वाले मुलजिमों को छोड़ने के एवज में अवैध वसूली की जाती है। शिकायत में उल्लेख है कि 4 मई 2026 की शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच, जब अधिवक्ता अपने मुवक्किलों की पैरवी के लिए कार्यालय में थे, तब पेशकार विकास श्रीवास्तव ने उनके साथ बेहद अभद्र व्यवहार किया। आरोप है कि पेशकार ने वकीलों को चोर और दलाल जैसे अपशब्द कहे और उन्हें अपमानित किया। अधिवक्ताओं का कहना है कि मौके पर पुलिस भी बुलाई गई थी, लेकिन कर्मचारियों ने पुलिस के सामने भी अपना अड़ियल रवैया जारी रखा। पत्र में यह भी दावा किया गया है कि कार्यालय में कुछ प्राइवेट व्यक्ति भी अवैध रूप से न्यायिक कार्यों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। ज्ञापन देते समय गोविन्दनारायण सक्सेना, हेमंत चौधरी, महेंद्र जैन, आनंद चतुर्वेदी, रमाकांत सिरौठिया, विशाल तिवारी, विकास, रविंद्र, विशाल चौहान, शेरसिंह यादव, हेमंत चौबे, पुष्पेन्द्र गोस्वामी आदि अधिवक्ता ज्ञापन देते समय उपस्थित रहे।

#### कैमरों के फुटेज खंगालने की मांग

अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी से निवेदन किया है कि कार्यालय में लगे कैमरों की जांच की जाए, जिससे घटना की सत्यता सामने आ सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि भ्रष्टाचार में लिप्त इन कर्मचारियों और अवैध रूप से काम कर रहे बाहरी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

#### प्रमुख मांगें

भ्रष्टाचार और अवैध वसूली की निष्पक्ष जांच हो, अधिवक्ताओं से अभद्रता करने वाले पेशकार और कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए, कार्यालय में अवैध रूप से काम कर रहे प्राइवेट लोगों को तुरंत हटाया जाए। इस मामले में अब सबकी नजरें जिलाधिकारी के अगले कदम पर टिकी हैं।



## वन स्टॉप सेंटर को कौमी एकता सेवा समिति ने भेंट की वाशिंग मशीन

### घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की सुविधा के लिए पहल

**ललितपुर।** कौमी एकता सेवा समिति द्वारा समाजसेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं की सुविधा के लिए एक वाशिंग मशीन भेंट की गई। यह मशीन प्रोबेशन अधिकारी के माध्यम से जनहित में उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बुविसे प्रमुख हरीश कपूर टीटू उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष परवेज पठान ने बताया कि वन स्टॉप सेंटर में घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाएं अस्थायी रूप से लगभग पांच दिनों तक निवास करती हैं। इस दौरान उनके कपड़े एवं बिस्तरों की चादर धोने में काफी परेशानी होती थी। महिलाओं की इसी असुविधा को ध्यान में रखते हुए समिति ने वाशिंग मशीन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि संस्था आगे भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए इसी तरह सामाजिक कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा आचार्य, तेजस्व, राजकुमार कुशवाहा, अमर सिंह, मकबूल राइन, जय कुमार तमियां सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में वन स्टॉप सेंटर प्रशासन ने संस्था के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

# बिना कारण जेसीबी जब्त करने का आरोप




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पुलिस चौकी दैलवारा अंतर्गत ग्राम गनगौरा निवासी एक किसान ने पुलिस पर बिना उचित कारण जेसीबी मशीन जब्त करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की मांग की है। मामले को लेकर ग्रामीणों में भी नाराजगी देखने को मिली।

प्रार्थना पत्र के अनुसार किसान अपने खेत में भूमि सुधार का कार्य संबंधित विभाग से विधिवत अनुमति लेकर करा रहा था। आरोप है कि कार्य के दौरान चौकी दैलवारा से पहुंचे पुलिस कर्मियों ने बिना कोई स्पष्ट कारण बताए मौके से जेसीबी मशीन को जब्त कर चौकी ले गए। यह घटना 2 मई 2026 को सुबह करीब 10 बजे की बताई गई है। पीड़ित का कहना है कि खेत में किए जा रहे भूमि सुधार कार्य के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज और परमिशन उपलब्ध हैं, इसके बावजूद कार्रवाई किए जाने से उसे आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने भी मामले में प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से जेसीबी मशीन को तत्काल मुक्त कराने तथा पूरे प्रकरण की जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और अब सभी की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई है। इस दौरान किसान नेता केहर सिंह बुन्देला, कृपाल सिंह, जयहिन्द, हनुमत सिंह, महेन्द्र सिंह, अजय सिंह, शिवराम सिंह, रघुवीर, दयाराम, कल्लू, प्रान सिंह, साहिल, चन्दू, अभिषेक, रघुवीर, सतेन्द्र, ऊदल सिंह, जगदीश सिंह, सुखलाल, महेन्द्र कुमार, विजय सिंह, अनन्तराम, केहर सिंह, मानसिंह, मेहरबान सिंह के अलावा अनेकों किसान मौजूद रहे।कैप्सन- डीएम को ज्ञापन देने जाते किसान नेता

### बाल श्रम रोकथाम में कार्रवाई

# अमले ने बिरधा ब्लॉक में 2 बाल श्रमिक मुक्त कराए



#### 2 ढाबा संचालकों को नोटिस जारी

**ललितपुर।** श्रम विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा बाल श्रम रोको अभियान के तहत जनपद में बाल श्रम उन्मूलन के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बिरधा ब्लॉक क्षेत्र में संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाकर दो बाल/किशोर श्रमिकों को श्रम कार्य से मुक्त कराया गया, जबकि दो ढाबा संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी के नेतृत्व में 4 मई 2026 को यह अभियान चलाया गया। अभियान में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, व्यापार मंडल एवं अन्य विभागों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। टीम ने बिरधा ब्लॉक क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों और कार्यस्थलों का निरीक्षण किया तथा बाल श्रम कानूनों के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाया। निरीक्षण के दौरान दो ढाबों पर कार्यरत दो बाल/किशोर श्रमिक चिन्हित किए गए, जिन्हें तत्काल श्रम कार्य से मुक्त कराया गया। साथ ही संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार नोटिस जारी कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। श्रम विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनपद में बाल श्रम उन्मूलन तक यह अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही शादी-विवाह समारोह, टेंट, कैटरिंग, ढोल-डीजे सहित अन्य आयोजनों में यदि कोई बाल श्रमिक कार्य करते पाया गया तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राजघाट बांध की छियालीस साल बाद भी नहीं हुआ जमीन का उपयोग

**▶▶ किसानों ने भूमि वापसी की उठाई मांग**

**ललितपुर।** जिले के ग्राम चौंरसिल के किसानों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अपनी अधिग्रहित भूमि वापस दिलाने की मांग उठाई है। किसानों का कहना है कि वर्ष 1979-80 में राजघाट बांध परियोजना के लिए उनकी करीब 90 प्रतिशत भूमि सरकार द्वारा अधिग्रहित कर ली गई थी, लेकिन 46 वर्ष बीत जाने के बाद भी उस भूमि का कोई उपयोग नहीं किया गया। प्रार्थना पत्र में किसानों ने बताया कि इतने लंबे समय से वह अपनी जमीन पर खेती कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। शासनादेश के अनुसार यदि अधिग्रहित भूमि का 20 वर्षों तक उपयोग नहीं होता है, तो उसे किसानों को वापस किया जाना चाहिए, लेकिन अब तक ऐसा नहीं किया गया। किसानों का आरोप है कि बिना किसी सूचना के उनकी कुछ जमीन वन विभाग के नाम दर्ज कर दी गई, जिससे वे और अधिक परेशान हो गए हैं। उन्होंने मांग की है कि गलत तरीके से किए गए भूमि हस्तांतरण को निरस्त किया जाए और जमीन पुनः सिंचाई विभाग/राजघाट परियोजना या सीधे किसानों के नाम दर्ज की जाए। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से आह्वान किया है कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के प्रावधानों के तहत उनकी भूमि उन्हें वापस दिलाई जाए। इस संबंध में गांव के कई किसानों में हरदयाल सिंह लोधी एड., जगभान सिंह, रामचरन, पृथ्वी सिंह, बृजेन्द्र सिंह, राजाभैया, जशरथ सिंह, रूप सिंह आदि शामिल हैं।

### मल्टी कलर टूल वितरण के लिए मांगे आवेदन

**ललितपुर ।** उप्र माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला टूल्स-किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत प्रजापति समाज/वर्ग (कुम्हार जाति) के पात्र अभ्यर्थियों हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में 40 विद्युत चालित चाकों के वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। माटीकला से जुडे परम्परागत कारीगर/शिल्पी एवं स्वतः रूचि रखने वाले इच्छुक अभ्यार्थी, जो माटीकला का कार्य करना चाहते है, वे विद्युत चालित चॉक हेतु आवेदन कर सकते है। आवेदन की अवधि 15.05.2026 तक निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी माटीकला बोर्ड के अधिकृत पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। अभ्यर्भी अपना आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, स्टेशन रोड, में जमा कर सकते हैं।

# उद्यान विभाग के प्रस्तावित योजना पर सवाल

### पूर्व नपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल ने डीएम को भेजा पत्र

**ललितपुर।** शहर के ऐतिहासिक राजकीय चंद्रशेखर आजाद उद्यान (कम्पनी बाग) में प्रस्तावित निविदा कार्य को लेकर स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों ने चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी से पुनर्विचार की मांग की है। इस संबंध में मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जनहित में प्रस्तावित कार्य को वैकल्पिक स्थान पर कराने का अनुरोध किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि जिला उद्यान अधिकारी ने 04 मई 2026 को पत्रांक-69 ई-टेंडर/2026-27 के माध्यम से कंपनी बाग को दीर्घकालीन अवधि के लिए आउटसोर्सिंग एजेंसी को सौंपने संबंधी प्रक्रिया शुरू की गई है। इसमें पार्क में विभिन्न जनसुविधाएं विकसित करने के साथ यूजर चार्ज वसूले जाने का भी प्रावधान बताया गया है। उनका कहना है कि कम्पनी बाग शहर का प्रमुख सार्वजनिक उद्यान है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं एवं आम नागरिक भ्रमण, व्यायाम और मनोरंजन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में किसी प्रकार का शुल्क लागू होने से आम लोगों की पहुंच प्रभावित हो सकती है। पत्र में यह भी मांग की गई कि यदि जनसुविधाओं से संबंधित कोई नया कार्य प्रस्तावित है, तो उसे शहर के अन्य उपयुक्त स्थानों जैसे कर्मा बाई पार्क या चिल्ड्रन पार्क में कराया जाए, जहां उसका अधिक सुविधाजनक और उपयोगी उपयोग हो सके। साथ ही पार्क का संचालन उद्यान विभाग अथवा वर्तमान व्यवस्था के तहत ही बनाए रखने की मांग की गई। नागरिकों ने जिलाधिकारी से मामले में जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित निविदा प्रक्रिया पर पुनर्विचार कर उचित निर्णय लेने की अपील की है।

### भूमि संरक्षण कार्यालय की व्यवस्थाएं चौपट, जिम्मेदार मौन

# कर्मचारी नदारद, मौज में चल रही नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भूमि संरक्षण सिंचाई एवं जल संसाधन कार्यालय प्रथम में कई महीनों से कर्मचारियों की मनमानी चल रही है। जब मन करता है आते है, साइन करते है और चले जाते है। विभाग की बिलंडिग भी ऐसे स्थान पर है कि यकायक तो नजर नहीं आती, जब ध्यान लगाकर ढूढ़ा जाये, तभी बिल्डिंग दिखती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कार्यरत कर्मचारियों का आना जाना मनमाना है।

#### नहीं लगता ऑफिस में कर्मचारियों का मन

विभाग में काफी समय से कोई योजना नहीं चल रही है, ऐसे में कर्मचारियों में पास आपस में गप्पें लड़ाने या आराम करने के अलावा कोई काम नही है। इसीलिए कर्मचारियों का ऑफिस में मन नहीं लगता है और ऑफिस में आराम करने की जगह घर जाकर आराम करना ज्यादा मुनासिब समझते है।

#### ये कर्मचारी हैं कार्यरत

कार्यालय में धरम पाल, महेश प्रताप वर्मा, आलोक कुमार, नर सिंह, भावना लिटौरिया, प्रज्ञा खरे, रिचा जैन, नसीम खान, प्रदीप कुमार कार्यरत है, पर मौके पर सिर्फ धरम पाल ही उपस्थित मिले। बाकी सभी नदारद रहे।

#### घर बैठे कर्मचारियों की लगे ड्यूटी

ऐसे कर्मचारियों की जनगणना में ड्यूटी अवश्य लगाई जाए, जो घर बैठकर सारी नौकरी मौज से कर रहे है। सारा भार बेसिक के शिक्षकों पर है। उनकी जगह फुर्सत बैठे कर्मचारियों को खोजकर उनकी ड्यूटी जनगणना में ड्यूटी अवश्य लगाई जाना चाहिए।

### साक्षात्कार के बाद मिला रोजगार, परिवार और कॉलेज में हर्ष व्याप्त

# एफ्ट्रोनिक्स सिस्टम प्रालि में पॉलिटेक्निक छात्र चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक के छात्रों ने कैम्पस प्लेसमेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रतिष्ठित कम्पनी द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया में संस्थान के छात्रों का चयन किया गया है, जिससे कॉलेज परिवार में खुशी का माहौल है। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि कंपनी ने तकनीकी दक्षता, साक्षात्कार एवं अन्य चयन प्रक्रियाओं के आधार पर छात्रों का चयन किया। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी में बेहतर कैरियर अवसर मिलने जा रहे हैं। संस्थान प्राचार्य एवं शिक्षकों ने चयनित छात्रों को लेकर हर्ष जताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान की गुणवत्ता को दर्शाती है। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना संस्थान की प्राथमिकताओं में शामिल है। चयनित छात्रों की इस सफलता पर सहपाठियों और अभिभावकों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की।

## ललितपुर के ओमकरण सिंह गौर को मिली मास्टर ऑफ हॉस्पिटल मैनेजमेंट की डिग्री

**ललितपुर।** जनपद के लिए गर्व का क्षण उस समय देखने को मिला जब ललितपुर के युवा ओमकरण सिंह गौर को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित एल.एन. मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह में मास्टर ऑफ हॉस्पिटल मैनेजमेंट की डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंगूभाई पटेल रहे। इस अवसर पर राजीव शुक्ला तथा रवि किशन भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने ओमकरण सिंह गौर को डिग्री भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। ओमकरण सिंह गौर की इस उपलब्धि से ललितपुर में खुशी का माहौल है। परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।



सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि ओमकरण सिंह की यह सफलता जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। हॉस्पिटल मैनेजमेंट जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त कर ओमकरण सिंह गौर ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे ललितपुर का नाम रोशन किया है।

बोर्ड परीक्षाओं में कमतर प्रदर्शन वाले प्राचार्य, शिक्षकों की जिपं सीईओ ने ली क्लास

# 2 प्राचार्यों को पद से हटाया, एक शिक्षिका सस्पेंड, 8 का वेतन रोका

## अधिकारियों के सवालों का संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए कई शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



बोर्ड परीक्षाओं में कमजोर प्रदर्शन के चलते जिन स्कूलों ने पूरे जिले के प्रतिशत प्रभावित किया उन स्कूलों के प्राचार्यों और संबंधित विषय के शिक्षकों पर बड़ी कार्यवाही देखने मिली है। सोमवार दोपहर जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में अपेक्षाकृत कम परिणाम देने वाले विद्यालयों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयवार, विषयवार एवं शिक्षकवार परिणामों का गहन विश्लेषण किया गया।

समीक्षा के दौरान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भ्याना के प्राचार्य रामसिंह कटारा को पद से हटाते हुए उनकी एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। अंग्रेजी विषय की शिक्षिका प्रियंका मालवीय की पर्यवेक्षण अवधि बढ़ाई गई, वहीं गणित विषय के शिक्षक कन्हैयालाल मालवीय का 1 माह का वेतन रोक दिया गया। कमतर प्रदर्शन पर हाईस्कूल सराली के प्राचार्य रोहित किरार का 1 माह का वेतन रोकते हुए उनकी पर्यवेक्षण अवधि दो वर्ष बढ़ाई गई। विज्ञान शिक्षक सैयद हसन रजा का भी एक माह का वेतन रोक दिया गया एवं भविष्य में परिणाम सुधार नहीं होने पर एक वेतन वृद्धि रोकने की हिदायत दी गई।

### प्राचार्य के निलंबन का प्रस्ताव भेजा, रोका वेतन

समीक्षा के दौरान कार्यवाहियों लंबी फेहरिश्त देखने मिली है। जिला पंचायत सीईओ ने हाईस्कूल सेमलापार के प्राचार्य गोपीलाल अहिरवार की वेतन वृद्धि रोकने एवं विज्ञान शिक्षिका चित्रलेखा पटले के निलंबन हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। इसी प्रकार शासकीय हाईस्कूल श्यामजीघाटा के प्राचार्य जगदीश सिंह एवं हाईस्कूल राजगढ़ रोड ब्यावरा के पूर्व प्राचार्य राजेंद्र शर्मा का 1 .एक माह का वेतन रोका गया है। इसी तरह गांधी उमावि पचोर की प्राचार्य शायदा हासमी का 1 माह का वेतन रोकने तथा कुलीखेड़ा के प्राचार्य दरियाव सिंह सोलंकी को पद से हटाने के निर्देश भी दिए गए।

### परिणाम न सुधरने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी

इसी तरह पाडल्यामाता, भ्याना, पचोर एवं अन्य विद्यालयों को ऑनलाईन अंग्रेजी कक्षा लेने हेतु निर्देशित किया गया। हाईस्कूल कूपा के प्राचार्य दुर्गाप्रसाद वर्मा के 15 दिवस का वेतन काटने एवं अगली परीक्षा में परिणाम सुधार न होने पर कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए गए। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाडल्यामाता के प्राचार्य पूनमचंद रातलिया का 07 दिवस का वेतन काटने एवं उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर की प्राचार्य पूजा विजयवर्गीय को भी द्वितीय अवसर में परिणाम संतोषजनक न होने पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

### आगे के लिए यह दिए गए निर्देश

सीईओ गढ़पाले ने संबंधित विषय शिक्षकों का स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित कर उनकी अध्यापन गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जाएगा। टेस्ट में असंतोषजनक प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए मई माह में द्वितीय परीक्षा आयोजित की जाएगी। साथ ही सभी विद्यालयों को परिणाम सुधार हेतु ठोस एवं समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

नपा इंजीनियर को लगाई फटकार

# मुख्यमंत्री अधोसरंचना के काम का विधायक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



मुख्यमंत्री अधोसंरचना के साढ़े चार करोड़ की राशि से चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों में जमकर धांधली चल रही है। जिसके चलते नए निर्माण कार्य भी धूमिल होते नजर आ रहे हैं। भरतगढ़ क्षेत्र में चल रहे एप्रोच रोड में भी इसी तरह के घटिया कामों की मिल रही शिकायत पर सोमवार को विधायक मोहन शर्मा ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान घटिया कामों पर उन्होंने नपा इंजीनियर को जमकर फटकार लगाई, वहीं सीएमओ को घटिया निर्माण तुड़वाकर सिरे से नए निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए। जानकारी अनुसार थावरिया से भरतगढ़ तक बन रहे एप्रोच रोड की साइड वाल में पूरा निर्माण डस्ट से चल रहा है जबकि यहां नियमानुसार नर्मदा सेंट और एम सेंट के मिक्स मटेरियल का उपयोग किया जाना है। यहां निर्माण कार्य में नियमानुसार सीमेंट भी उपयोग में नहीं लाई जा रही है वहीं फिलिंग भी ठोस मटेरियल के स्थान पर मिट्टी से की गई है। इसके अलावा यहां तराई भी नही हुई है जिसका असर निर्माण कार्यो की मजबूती पर देखने को मिला है। निरीक्षण के दौरान विधायक ने नाराजगी जताते हुए कामों को दुरुस्त करवाने और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए है।

### ठेकेदार और इंजीनियर को नोटिस जारी

विधायक के निरीक्षण उपरांत सीएमओ द्वारा निर्माण कार्यो की प्रथम दृष्टया जांच में कमियां पाए जाने पर ठेकेदार राजाराम एसोसिएट ग्वालियर को नोटिस जारी कर कार्रवाई की बात कही है। वहीं नपा प्रशासन ने इंजीनियर श्वेता वरकड़े और सुनील वर्मा को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। नपा ने दोनों इंजीनियर को निर्माण कार्यों की उचित देखरेख नही किए जाने का दोषी माना है। बताया जा रहा है कि जांच के बाद मामले में बड़ी कार्रवाई देखने को मिल सकती है।

### घटिया कामों से चंद महीनों में जर्जर हुए निर्माण

इस ठेकेदार के घटिया कामों का यह पहला मामला नहीं है इसके पूर्व भी इसी योजना के अंतर्गत अर्जुन गौशाला से रामकुंड और थावरिया में बनाए गए सीसी सड़क निर्माण में भी जमकर लापरवाही देखने को मिली थी। इसी लापरवाही और घटिया निर्माण के चलते चंद माह पहले बनी ये सड़के दम तोड़ने लगी है। जंहा रामकुंड रोड़ तो उखड़ गया है। वही थावरिया में सड़क बनने उपरांत नपा द्वारा खोदी गई पाइप लाईन के दौरान महज तीन से चार इंच सीसी सड़क देखने को मिली थी। जबकि यहां आठ इंच सड़क निर्माण किया जाना था। लेकिन इन सब लापरवाही के बाद भी आज तक ठेकेदार पर कोई कार्रवाई देखने को नही मिली है। जबकि इन घटिया कामो का ठेकेदार को पूर्णतः भुगतान भी किया जा चुका है।

**कार्रवाई करेंगे...**

उक्त सड़क निर्माण के चल रहे कामों में ठेकेदार की लापरवाही सामने आई है। हमने ठेकेदार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जांच उपरांत मामले में कार्रवाई करेंगे। फिलहाल नपा इंजीनियर से भी मामले में जवाब मांगा गया है। घटिया कामों को उखड़ाकर दोबारा काम करवाया जाएगा।

**अभिषेक जैन, सीएमओ नपा नरसिंहगढ़**

# खिलचीपुर के जैतपुरा, दोबड़ा क्षेत्र में पूरे दिन आराम करता रहा चीता

## पांच दिनों से जिले में ही है चीते की मूवमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



30 अप्रैल को श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से भटककर राजस्थान के रास्ते कालीपीठ वन्य क्षेत्र में पहुंचे केपी-3 चीते ने बीते पांच दिनों से 30-40 किलोमीटर की मूवमेंट ही की है। रविवार रात्रि यह चीता खोयरी वन्य क्षेत्र से नेवज नदी के किनारे-किनारे जालपा बीट, फूलखेड़ी, गागोरनी होता हुआ खिलचीपुर के जैतपुरा, दोबड़ा के नजदीक पहुंच गया। सोमवार को पूरे दिन दोबड़ा क्षेत्र में ही झाड़ियों, पेड़ों के नीचे चीता आराम करता रहा। वन्य प्राणियों के बारे में कह नहीं सकते लेकिन संभावना है कि चीता पुनः खिलचीपुर एरिए से सरहद्दी होते हुए पुनः राजस्थान पहुंच जाए। राजगढ़ रेंजर शिव चैहान, वनपाल राजू गुर्जर ने बताया कि कूनो पार्क की टीम एवं राजगढ़ फॉरेस्ट की टीम लगातार इस चीते की प्रत्येक हलचल पर नजर बनाए हुए है। वनकर्मियों ने बताया कि केपी-3 चीते की मां का नाम आशा है जो कूनो पार्क में ही है एवं इसके दो भाई केपी-1 और केपी-2 भी राजस्थान और अन्य क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं।

### इंसानों को हानि नहीं पहुंचा रहा चीता

जब से ये यह चीता कूनो से निकला है तब से अब तक इसके द्वारा इंसानों पर किसी भी तरह के हमले या हानि पहुंचाने का कोई मामला प्रकाश में नहीं आया है। इसलिए ग्रामीणों, आमजनों को भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है बस थोड़ा एलर्ट रहने की अपील वन विभाग द्वारा की जा रही है।

## सवारी से भरी चलती पीकअप का टायर निकलने से पलटी मारी, हादसा टला



**खुजनेर।** पचोर-जीरापुर स्टेट हाईवे वर रोमवार को सुस्तानी कचनारिया जोड के पास में एक सवारी से भरी चलती पीकअप का टायर निकल जाने से पलटी मार गई। जानकारी के मुताबिक पिकअप का बाएं तरफ का पिछला टायर अचानक निकल जाने से पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। पिकअप में करीब 20 से 25 महिला, पुरुष और बच्चे सवार थे। यह सभी ग्राम इकलेरा खामखेड़ा (राजस्थान) से तलेन क्षेत्र के ग्राम बारवा मानता कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है, हालांकि 4 से 5 लोगों को चोटें आई हैं। घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पचोर भेजा गया।

# लापरवाहों पर सख्ती, सचिव सस्पेंड, 4 सीएमओ को शोकाज नोटिस, कलेक्टर व जिपं सीईओ का सख्त रुख

## समय-सीमा बैठक में योजनाओं की समीक्षा में लापरवाही बरतने वालों पर हुई कार्रवाई



**राजगढ़।** शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा में अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरतने पर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ ने कार्यवाही की है। संबल योजना के तहत अंत्येष्टी सहायता योजना में संबंधित को राशि देने में लेटलतीफी करने वाले नरसिंहगढ़ जनपद के टिकरिया पंचायत सचिव विक्रम सिंह को सस्पेंड कर दिया गया।

इसके साथ ही ई-केवायसी कार्य में ढिलाई और प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर नगर परिषद खिलचीपुर, माचलपुर, तलेन एवं जीरापुर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। ई-केवाईसी में अपेक्षित प्रगति नहीं करने वाले अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए गए हैं। आयोजित बैठक में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा में लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि हितग्राहियों को समय पर सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### ई-अटेंडेंस के प्रति गंभीरता के निर्देश

कलेक्टर ने आधार जनरेशन एवं ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के लिए विशेष शिविर आयोजित कर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। सार्थक अटेंडेंस की समीक्षा करते हुए उन्होंथने निर्देश दिए कि अटेंडेंस कहां से दर्ज हो रही है, इसकी विस्तृत जांच की जाए। साथ ही सार्थक ऐप में कमजोर प्रदर्शन पर जिला योजना अधिकारी एवं आबकारी विभाग को नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में पीओ डूडा को भी नियमित रूप से अटेंडेंस दर्ज करने तथा आवश्यकता पड़ने पर भोपाल स्तर से जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।सार्थक अटेंडेंस में खराब प्रदर्शन पर बीएमओ नरसिंहगढ़ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

## भाजपा की कामकाजी बैठक संपन्न, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर हुई चर्चा

**नरसिंहगढ़।** भारतीय जनता पार्टी मंडल नरसिंहगढ़ की कामकाजी बैठक स्थानीय विधायक कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, आगामी बैठकों एवं विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को आगामी गतिविधियों की जानकारी देते हुए जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाना प्राथमिकता है। साथ ही आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। जनसंपर्क बढ़ाने और पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर जिला प्रभारी ध्रुव नारायण सिंह, जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, विधायक मोहन शर्मा, भाजपा सह मीडिया प्रभारी अंशुल तिवारी, मंडल प्रभारी कैलाश राज, जिला मंत्री सतेंद्र सिंह, मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशन पर नि:शुल्क जल प्याऊ का शुभारंभ



**सारंगपुर।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए श्याम परिवार द्वारा रेलवे स्टेशन पर निःशुल्क शीतल जल प्याऊ की शुरुआत की गई। इस प्याऊ का शुभारंभ मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्टेशन पर उपस्थित यात्रियों ने मंत्री जी से दूसरी ओर भी प्लेटफॉर्म निर्माण की मांग रखी, जिस पर मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया। इस अवसर पर श्याम परिवार द्वारा किए गए इस सेवा कार्य की सराहना की गई। उद्घाटन कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष एवं नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, महेश पाटीदार, मनीष चौरसिया, जुगलराज विश्वकर्मा, पवन कसेरा, जितेंद्र पुष्पद आदि प्रमुख रूप से शामिल थे। गौरतलब है कि भीषण गर्मी के मौसम में इस तरह की पहल यात्रियों के लिए राहत का कार्य करेगी।

## देश के तीन राज्य में भाजपा की जीत पर मनाया जश्न



**ब्यावरा।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल में पहली बार, असम में लगातार तीसरी बार और पुडुचेरी में दूसरी बार भाजपा एनडीए गठबंधन के विधानसभा चुनावों में प्रचंड और ऐतिहासिक जीत की खुशी मनाई गई। इस दौरान राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार के साथ सभी जनप्रतिनिधि, जिला, मंडल पदाधिकारी विधानसभा क्षेत्र ब्यावरा के सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा विजय उत्सव मनाया। इस दौरान मंत्री पंवार ने कहा कि यह ऐतिहासिक विजय हर उस कार्यकर्ता के अथक परिश्रम, समर्पण और संघर्ष का परिणाम है, जिसने दिन-रात संगठन के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। यह जनादेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, उनकी जनकल्याणकारी नीतियों तथा समग्र विकास के प्रति जनता के अटूट विश्वास को दर्शाता है।

भाजपाईयों ने आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

# राजगढ़ में मनाया बंगाल की जीत का जश्न



**राजगढ़।** पश्चिम बंगाल में 15 साल बाद भारतीय जनता पार्टी को मिले प्रचंड बहुमत से उत्साहित भाजपाईयों ने जमकर जश्न मनाया। स्थानीय खिलचीपुर नाके पर क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव, मंडल अध्यक्ष सचिन मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू सहित अन्य ने जमकर आतिशबाजी करते हुए एक-दूसरे को मिठाईयां खिलाते हुए जीत की बधाई दी।

इस दौरान नाका नंबर-3 पर आयोजित एक अल्प सभा में भाजपाईयों ने कहा कि यह पार्टी के हर उस निष्ठावान कार्यकर्ता की जीत है जो धैर्य के साथ, बंगाल पुलिस की पिटाई सहते हुए भी झंडा हाथ में लेकर घूम रहा था। यह उस हर भाजपाई की जीत है जो बंगाल में पनपी निरंकुशता को जड़ से खत्म करना चाहता था। यह हर उस मां, बहन के उस त्याग का फल है जिन्हें टीएमसी के राज में निवस्त्र किया गया, शीलहरण किया गया। सभा उपरान्त कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में एक बाइक रैली का भी आयोजन किया जिसमें सभी जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। विधायक अमरसिंह यादव ने कहा कि एक दिन ऐसा आएगा जब संपूर्ण भारत के प्रत्येक राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया वे इसी तरह समर्पण भाव के साथ पार्टी के लिए कार्य करते रहें।

विधायक कार्यालय पर गूंजे नारे

## तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**नरसिंहगढ़।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पंडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने विधायक कार्यालय पहुंचकर जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की।


कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा के समर्थन में जोरदार नारेबाजी करते हुए पार्टी की नीतियों और नेतृत्व पर विश्वास जताया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि यह जीत जनहितकारी योजनाओं और मजबूत नेतृत्व पर जनता के भरोसे का परिणाम है। इस मौके पर विधायक मोहन शर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह, शिव वैध, रमेश मालवीय, राजू जड़िया, सुदीप शर्मा, कपिल वैध सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर जीत का जश्न मनाया और आगामी चुनावों में भी इसी तरह सफलता मिलने का विश्वास व्यक्त किया।

गोवंश वध का पर्दाफाश, हिंदू संगठनों में आक्रोश

# गोवंश हत्यारे पुलिस के हत्थे चढ़े, 3 गिरफ्तार, 2 फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर





गोवंश तस्करी में सबसे ज्यादा बदनाम रहने वाला सारंगपुर पुलिस थाना में रविवार को नवागत थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने एक बड़ी कार्रवाही करते हुए नगर में लंबे समय से चल रहे गोवंश का वध कर मांस सप्लाई का अवैध धंधे करने वालों का भांडा फोड़ किया है। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपी अब भी फरार बताए जा रहे हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बन गया था घटना के दौरान पुलिस अधीक्षक स्वयं उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे एवं एसडीओपी सारंगपुर अरविंद सिंह के निर्देशन में कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक रविवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अकोदिया नाका क्षेत्र के समीप एक सुनसान खेत में कुछ लोग गोवंश का वध कर उसके मांस एवं अवशेषों को बेचने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल रघुवंशी और उनकी टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पटेलवाड़ी के पीछे स्थित जंगल क्षेत्र में एक किसान के खेत पर दबिश दी। मौके पर पहुंचते ही पुलिस को गोवंश के अवशेष मिले, जिससे पूरे मामले की गंभीरता स्पष्ट हो गई। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगे। टीम ने तत्परता दिखाते हुए करीब एक किलोमीटर तक पीछा कर एक आरोपी को धर दबोचा, जबकि अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

### यह आरोपी गिरफ्तार

गोवंश की हत्या के आरोपी जाकिर पिता मोहम्मद हुसैन (40 वर्ष), निवासी मुकेरवाड़ी सारंगपुर के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान उसने अपने साथियों के नाम आमीन पिता यूनुस निवासी पटेलवाड़ी सारंगपुर एवं जाकिर पिता अजीज खां निवासी कंजर मोहल्ला, देवास के बताए जो फिलहाल फरार हैं। आरोपी के मेमोरण्डम के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मेहबूब उर्फ लंगड़ा पिता मुंशी खां एवं जफर उर्फ भैय्यू पिता मुंशी खां, दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 15 बड़ा कसाई बाड़ा, सारंगपुर को गिरफ्तार किया है।

### मौके से हथियार और वाहन जब्त

पुलिस ने घटनास्थल से गोवंश के अवशेषों के साथ-साथ वध में प्रयुक्त धारदार हथियार जैसे छुरी, बक्का, कुल्हाड़ी और फावड़ा जब्त किए हैं। इसके अलावा एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। सभी जब्त सामग्री को सीलबंद कर आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 9 तथा पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(1)(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक दीपक परमार, आरक्षक शुभम बिरथरे, सुनील हिनोतिया, विकास भदौरिया, राहुल और बनवारी सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### क्षेत्र का पुराना कनेक्शन भी आया सामने

उल्लेखनीय है कि जिस स्थान पर यह कार्रवाई हुई है, वहां करीब 10 वर्ष पूर्व भी गोवंश के अवशेष मिलने का मामला सामने आया था। उस समय भी मामला काफी चर्चाओं में रहा था और पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इससे स्पष्ट है कि यह क्षेत्र लंबे समय से इस तरह की अवैध गतिविधियों के लिए संवेदनशील रहा है।

### हिंदू संगठनों की मांग, सख्त कार्रवाई हो

घटना के बाद विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। संगठनों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए आरोपियों के मकानों को ध्वस्त करने और सार्वजनिक रूप से जुलूस निकालने की मांग प्रशासन के सामने रखी है। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता बढ़ा दी गई है।